हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी, 2024

तापमान
अधिकतम 12.1 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

13 बॉडी बिल्डर कमल का एशियाई खेलों में चयन

14 राष्ट्रीय सेवा योजना का कैंप सम्पन्न


# जीटी रोड पर सेब से भरा ट्रक पलटा, जाम में फंस गए सैकड़ों वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जीटी रोड स्थित गढ़ी कला गांव के पास फ्लाई ओवर से उतरते समय दिल्ली- पानीपत लाईन पर सेब से भरा ट्रक पलट गया। जिससे फ्लाई ओवर पर आवागमन बिल्कुल बंद हो गया और थोड़ी ही देर में हाईवे पर लंबा जाम लग गया। जाम को देखते ही डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंचे और मामले को देखकर दिल्ली की तरफ से आ रहे सभी वाहनों को फ्लाई ओवर से पहले ही सर्विस रोड से वाहनों को निकाला गया। गन्नौर डायल 112 की टीम ने समालखा थाना पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद समालखा से पहुंची पानीपत पुलिस ने जी टी रोड से ट्रक को हटवाया। उसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारू हुआ।

■ पुलिस ने सर्विस लेन से वाहनों को बाहर निकाला




## फ्लाई ओवर हुआ बंद

ट्रक पलटने से हाईवे की दिल्ली-करनाल लेन पूरी तरह से बंद हो गई। कुछ ही देर में वाहनों का जाम लग गया। पुलिस समय से तो पहुंची, लेकिन ट्रक और सड़क पर फैली सेब की पेटियों को उठाने में समय लग गया। जाम में फंसे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी समय बाद यातायात प्रभावित रहा। कुछ वाहन चालकों ने यू-टर्न लेने का प्रयास किया, लेकिन फंसकर खड़े हो गए। वापस जाने की जल्दी में पूरी लेन जाम हो गई। पुलिस ने जाम खुलवाया।

## डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची

गन्नौर थाना प्रभारी ने बताया कि डायल 112 मौके पर उपमुख्यमंत्री के आगमन के कारण जी टी रोड पर ही मौजूद थी। सूचना मिलते ही डायल टीम ने अपने स्तर पर वाहन चालकों का अवागमन करवाया और तुरन्त समालखा पुलिस को सूचना दी। यह हादसा गन्नौर थाना क्षेत्र में नहीं था।

# पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी नीचे दबने से चौकीदार की मौत

**गोहाना।** रविवार सुबह शहर के शहीद स्मारक में दर्दनाक हादसा हो गया। जींद की दिशा से आए पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्राली अचानक से पलट गए। ट्राली के नीचे दबने से मेन बाजार के चौकीदार की मौके पर मौत हो गई। जनक पुत्र शेर बहादुर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका परिवार मूलतः नेपाल का है और इस समय गोहाना में विष्णु नगर में रह रहा है। उसके अनुसार वह और उसके पिता शेर बहादुर रात के समय मेन बाजार में चौकीदार की अपनी ड्यूटी कर रहे थे। जनक का कहना है कि रात के तीन बजे वह अपने पिता शेर बहादुर के साथ शहीद स्मारक में पहुंचा। तभी जींद की ओर से पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्राली आए। चौक के मोड़ पर स्कूल की तरफ ट्रैक्टर-ट्राली अचानक पलट गए। मृतक चौकीदार के बेटे का कहना है कि वह तेजी से हट गया, पर उसके पिता नीचे दब गए। आरोपित मौके से फरार हो गए।

## खबर संक्षेप

### मनोरोग सेंटर से लैपटॉप व नकदी चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के गांधी चौक पर स्थित से लैपटॉप व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पिनाना निवासी दिनेश ने बताया कि उसने आदर्श नगर गांधी चौके पर मनोरोग सैंटर बना रखा है। उसके ऊपर परिवार सहित रहता है। रविवार अल सुबह करीब 2 बजे ताला टूटने की आवाज आई। वह आवाज सुनकर नीचे सैंटर पर आया। उसी दौरान तीन चोर पैदल-पैदल गांधी चौक की तरफ भाग गए। उनका पीछा भी किया, लेकिन पकड़ में नहीं आए। वापिस आकर सामान की जांच की तो एक लैपटॉप व दराज से चार हजार रुपये की राशि गायब मिली।

### हर्ष फायरिंग करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने होटल के अंदर शादी समारोह में चल रहे कार्यक्रम के दौरान हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुर्यकांत व प्रवीन निवासी कमल कॉलोनी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।उचाना मंडी जींद हाल में पार्क होटल निवासी रोहित ने गत 7 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 6 दिसंबर को होटल में बारात आई हुई थी। उसी दौरान बारात में आए लड़कों ने हवाई फायर कर दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। अदालत में चालान के साथ आरोपितों को पेश किया जायेगा।

### वाहन चोरी का आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

सोनीपत। शहर थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मालवीय नगर निवासी विकास ने गत 1 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने तिरंगा चौक पर सिमरन गेस्ट हाउस किया हुआ है। उसका दोस्त राजबीर बाइक पर गेस्ट हाउस पर आया। उसने बाइक को हाउस के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद देखा तो बाइक नहीं मिली। इसके बाद पुलिस में शिकायत दी।

## शिक्षा विभाग ने 20 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों की लिस्ट की जारी

# 12 प्राथमिक विद्यालयों के 148 विद्यार्थी भेजे जाएंगे दूसरे स्कूलों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


जिले के जिन प्राथमिक पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या 20 से कम है, उन स्कूलों को बंद करने की तैयारी के तहत शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों की सूची जारी की है। सूची के तहत जिले के 12 स्कूलों को शामिल किया गया है। इनमें पढ़ने वाले कुल 148 विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। दूसरे स्कूलों के नाम भी सूची में दिए गए हैं। ये सभी दूसरे स्कूल पहले वाले स्कूलों से 1 से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कम संख्या वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में समायोजित करने से अभिभावकों की परेशानी बढ़ने वाली है। अभिभावकों का कहना है कि वह इतनी दूर अपने छोटे बच्चों को कैसे भेजेंगे। राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं में कई जगहों पर विद्यार्थी संख्या बेहद कम है। ऐसे स्कूलों का संचालन करने में अधिक खर्च आ रहा है। सरकार की तरफ से ऐसे स्कूलों को बंद कर स्टाफ और विद्यार्थियों को साथ लगते दूसरे स्कूलों में समायोजित करने का निर्णय लिया गया था। जिसके तहत कुछ माह पहले 20 या इससे कम संख्या वाले स्कूलों का डाटा मांगा गया था। जिसके अंतर्गत सोनीपत जिले के 12 राजकीय प्राथमिक स्कूल आए हैं। इन स्कूलों में 148 विद्यार्थियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। अब शिक्षा विभाग की तरफ से ऐसे स्कूलों के विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट करने की कवायद शुरू की जाएगी। जिले में भटाना, चटिया देवा, समसपुर, छोटी गढ़ी क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक पाठशालों में 20 से कम विद्यार्थी पढ़ते है। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को पाई, फरमाणा, राजपुर, गंगाना, लतीफपुर, भदाना के राजकीय स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी की गई लिस्ट में बच्चों के घर से एक से तीन किलोमीटर दूर स्थित स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है। हालांकि स्कूल बंद होने के बाद विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों की आयु कम होने की वजह से आने-जाने में परेशानी हो सकती है।

■ तीन किमी. तक दूर हैं दूसरे स्कूल

■ 12 प्राथमिक विद्यालय हो सकते हैं बंद, दूसरे स्कूलों में किया जाएगा समायोजित

### प्राथमिक विद्यालय और उसमें बच्चों की संख्या

| विद्यालय | विद्यार्थी संख्या |
|---|---|
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, छोटी गढ़ी | 16 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, समसपुर गामड़ा | 08 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, चटिया देवा | 07 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मौजम नगर | 09 |
| राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला, छोटा खांडा | 10 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, तुर्कपुर | 18 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, खुरमपुर | 14 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, हूडा वाला | 14 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मनीरपुर | 14 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, भटाना जाफराबाद | 18 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, बड़ी | 13 |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला, माजरी मोई | 07 |
| कुल | 148 |



### मुख्यालय से प्राप्त आदेशों पर होगी कार्रवाई

शिक्षा विभाग ने 20 से कम विद्यार्थी संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों व विद्यार्थियों की सूची जारी की है। जिसमें विद्यार्थियों का नाम व समायोजित करने वाले स्कूल के नाम के साथ घर से उसकी दूरी का विवरण दिया गया है। मुख्यालय से प्राप्त आदेशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-**सरोज बाला**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# बिजली कर्मचारियों पर हमले के आरोपितों पर 16 दिन बाद केस दर्ज

**गोहाना।** बिजली कर्मचारियों पर हमले के आरोपितों प र 16 दिन बाद आखिर पुलिस ने केस दर्ज कर ही लिया। यह केस जौली गांव में 22 दिसंबर को बिजली कर्मचारियों पर हुए हमले के मामले में एक नामजद सहित करीब 15 आरोपियों पर दर्ज किया गया है। एक दिन पहले ही बिजली कर्मचारियों ने सोमवार तक का अल्टीमेटम दिया था तथा मंगलवार से धरने पर बैठने की धमकी दी थी। केस एरिया इंचार्ज और असिस्टेंट फोरमैन जगबीर सिंह की शिकायत पर सदर थाने में दर्ज किया गया है जगबीर सिंह का कहना है कि 22 दिसंबर की रात को 8:25 बजे जौली गांव में बिजली की चोरी पकड़ रहे थे। उसी बीच अजीत उर्फ जीता पुत्र अत्तर सिंह के घर से 10 से 15 लोग निकले। उनके हाथों में डंडे और हथियार थे। आरोपियों ने अपने मुंह बांध रखे थे। असिस्टेंट फोरमैन के अनुसार वह आरोपियों के हमले की आशंका को भांप कर गाड़ी में बैठ गया तथा ड्राइवर को चलने के लिए कहा। तभी आरोपियों ने गाड़ी पर हमला कर दिया। बिजली कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। गाड़ी के ड्राइवर का मोबाइल मौके पर गिर गया। गाड़ी को भारी नुकसान हुआ। इस मामले में 23 दिसंबर को ही पुलिस को लिखित शिकायत दे दी गई। लेकिन एफआईआर दर्ज न होने पर बिजली कर्मचारी नाराज थे। इस पर शनिवार को बिजली कर्मचारियों ने अपने एसडीओ को लिखित अल्टीमेटम दे दिया। उससे मचे हडकंप के बाद पुलिस ने सदर थाने में केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार की टक्कर में युवक की मौत

गन्नौर। गांव पांची जाटान से चटिया औलिया में बाइक सवारों को कार ने कुचल दिया। टहादसे में घायल युवक की उपचार के दोरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पांची जाटान गांव के रवि ने बताया कि वह खेती बाडी का काम करता हुं। 6 जवरी की शाम को अपने चचेरे भाई अमित की बाइकपर गांव पांची जाटान निवासी कृष्ण के साथ बैठकर चाटिया गांव में गए थे। मोटर साईकिल पर मेरा भाई अमित पीछे बैठा था। जब वे चटिया गांव के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार चालक अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाता हुआ पांची जाटान की तरफ से आया और हमारी मोटर साईकिल के पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि अमित सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक में उसकी मौत हो गई।

# धोखाधड़ी के आरोपित गिरफ्तार, चार दिन के रिमांड पर

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सहिल निवासी खेड़ी झज्जर व राहुल निवासी विजय नगर रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। टीडीआई सिटी निवासी हर्ष शर्मा ने गत दो जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गत 16 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें पार्ट टाइम जॉब देने के लिए कहा। उसके पास कुछ रुपये भी भेजे। उसके बाद 17 व 18 दिसंबर को उसके अलग-अलग खाते से कुल 3 लाख 98 हजार पांच सौ रुपये निकाल लिए गए। जब रुपये वापिस मांगे गए तो रुपये देने से मना कर दिया। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक ओमवीर कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# शराब ठेके पर गोलीबारी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने शराब ठेके पर गोलियां चलाने व हत्या प्रयास की वारदात में शामिल नाबालिग आरोपित सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आर्यन निवासी गेट करनाल का है। वहीं दूसरा आरोपित नाबालिग है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक को बालसुधार गृह व दूसरे को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल मे सेल्समैन ठेका सिटी निवासी संदीप ने गत 21 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह देर शाम अपने साथी के साथ ठेके पर डयूटी कर रहा था। उसी दौरान चार नौजवान लड़के मुंह पर कंपड़ा बांधे हुए शराब ठेके के अंदर घुस आए। शराब की बोतल उठाने लगे। विरोध करने पर पिस्तौल निकाली ली। उनके ऊपर दो-तीन गोलियां जान से मारने की नीयत से चला दी। किसी तरह दोनों बाल-बाल बच गए। कांउटर के पीछे छुपकर दोनों ने अपनी जान बचाई। उसके बाद चारों लड़के ने शराब ठेके पर लगे शीशों के ऊपर गोलियां चलानी शुरू कर दी। करीब ग्यारह-बारह रांउड गोलियां चलाने के बाद धमकी देते हुए फरार हो गए।

# बस अड्डे पर फिर आफत, ओवरफ्लो होने के बाद ड्रेन नंबर-6 का दूषित पानी परिसर में भरा, यात्री परेशान

## गंदगी से यातायात प्रभावित, निकासी के लिए लगाया पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के बीचे-बीच गुजरने वाली ड्रेन नंबर-6 का दूषित पानी बस स्टैंड परिसर में फिर से भर गया। गेट पर दूषित पानी भरा होने की वजह से पैदल यात्रियों के साथ-साथ छोटे वाहन चालकों का भी निकलना मुश्किल हो गया। वहीं दूसरी तरफ बदबू और गंदगी ने यात्रियों को खूब परेशान किया। बसों से उतरते वक्त छोटे बच्चों के जूतों में भी दूषित पानी भर गया। परिसर में आने-जाने वाले यात्रियों व कर्मचारियों को गंदगी से होकर गुजराने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि परिसर से दूषित पानी निकालने के लिए पंप लगा रखा है। उसके बावजूद पानी भरा रहता है।

■ रोडवेज कर्मचारियों को भी उठानी पड़ रही परेशानी

### यह है मामला

बता दें कि सोनीपत बस अड्डे की दीवार के साथ से ड्रेन नंबर-6 गुजरती है। ड्रेन नंबर-6 के बचे 1200 मीटर के हिस्से को पक्के करने का काम किया जा रहा है। जिसके चलते सिक्का कॉलोनी के पास चल रहे निर्माण कार्य के कारण ड्रेन के पानी को डायवर्ट किया गया है। ऐसे में पानी का बहाव प्रभावित होने से सोनीपत बस अड्डे के पास से पानी ओवर फ्लो होकर बस अड्डे में भर गया है। जिसका खामियाजा यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों को झेलना पड़ रहा है। सब स्टैंड से हर रोज हजारों की संख्या में बस यात्री पहुंचते है। रविवार को हर तरफ दूषित पानी भर गया। लोगों के लिए चलने की जगह भी नहीं बची। रोडवेज कर्मचारियों के लिए काम करना बेहद मुश्किल हो गया है। लोगों के बीमार होने की नौबत आ गई है। प्रशासन पूरी तरह से आंख बंद कर बैठा हुआ है।




### परिसर में पंप लगाने के बावजूद भर रहा पानी

बस परिसर में कई दिनों से ड्रेन का दूषित पानी भरा हुआ है। जिसके चलते यात्रियों के साथ-साथ कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पानी निकालने के लिए पंप भी लगा रखा है। लेकिन उसके बावजूद पानी भर रहा है। जिसके चलते परिसर में आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। - **राहुल जैन**, महाप्रबंधक रोडवेज विभाग सोनीपत

# ककरोई से लेकर दिल्ली तक खंगाल ली नहर, नहीं लगा सुमित का सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों कार डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सीएलसी नहर नहर में जा गिरी थी हादसे में कार सवार तीन दोस्तों में से एक की मौत हो गई। वहीं नहर में लापता हुए दूसरे युवक की तलाश पुलिस व गोताखोरों की टीमें कर रही है। टीमों ने नहर में हादसा स्थल से लेकर दिल्ली हैदरपुर तक नहर में युवक की तलाश कर ली, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

गांव हलालपुर निवासी जयदेव ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसका भाई गाड़ी चालक अनिल कुमार के साथ रोहट गांव हलालपुर से शहर की तरफ जा रहे थे। तेज रफ्तार गाड़ी चलाने के चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। जहां चालक अनिल कुमार को राहगीरों ने बचा लिया। जबकि उसके भाई सहदेव की हादसे में युवक सहदेव (28) की मौत हो गई। सहदेव का शव बरामद कर लिया गया। जबकि युवक सुमित नहर के तेज बहाव में बह गया।

■ स्कोर्पियो नहर में गिरने के बाद से लापता है सुमित


**सोनीपत।** नहर में नाव उतारने की तैयारी करते हुए टीम व परिजन।

**लगातार तीसरे दिन चला बचाव अभियान:** पुलिस व गोताखोर की टीमों ने तीसरे दिन सुबह से तलाश अभियान चलाया। टीमें दिन भर हादसा स्थल से लेकर दिल्ली हैदपुर तक तलाश करती रही, लेकिन देर शाम तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। जांच अधिकारी परमजीत ने बताया कि सोमवार सुबह से फिर से तलाशी अभियान चलाया जायेगा। टीमें नहर में सुमित की लगातार तलाश कर रही है।

छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।

मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।

# छात्र पढ़ाई के साथ-साथ बिना निवेश के कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।



### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार



## आरटीओ ऑफीसर के कार्य

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।





## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## आरटीओ बनने के लिए योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।

## लिखित परीक्षा की जानकारी


- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

---

# नव वर्ष अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लें संकल्प



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नए वर्ष का आगमन हम सभी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का समय लाता है। यह एक समय है जब हम सामान्यतः अपने लक्ष्यों, सपनों, और उम्मीदों की ओर बढ़ने के संकल्प लेते हैं। नए साल का स्वागत सकारात्मक ऊर्जा, नए आरंभों, और आत्म-समर्पण की भावना के साथ होता है। छात्रों के लिए नए वर्ष में संकल्प लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक नए आरंभ की भावना पैदा करता है और उन्हें नए लक्ष्यों की दिशा में मुख्याधिकारी बनाता है। इस साल के लिए निर्धारित किए जाने वाले संकल्प से ही छात्र अपनी प्रगति को मापते हैं और सफलता की ओर बढ़ते हैं। छात्र नए वर्ष में अपने अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन को संगठित और स्वच्छ रखने का आदान-प्रदान बनाए रखना उन्हें अच्छी तरह से समर्थन कर सकता है।

## अध्ययन में नई तकनीकें अपनाने का लें निर्णय

छात्र नए वर्ष में नई अध्ययन तकनीकें अपनाने का निर्णय कर सकते हैं। नए और प्रभावी तकनीकों का समय-समय पर अध्ययन करना उनके अध्ययन में नयापन लाने में मदद कर सकता है। एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में संकल्प लेना भी महत्वपूर्ण है। यहां तक कि योग, व्यायाम, और स्वस्थ आहार की दिशा में संकल्प बना सकता है, जो छात्र की ताकत बढ़ाने और तनाव को कम करने में सहारा प्रदान कर सकता है। छात्र नए साल में सामाजिक सेवा और सहयोग के प्रति अपना संकल्प बना सकते हैं। यह उन्हें समाज में योगदान करने और अन्यों की मदद करने का अवसर प्रदान कर सकता है।

**संकल्पों का पालन :**

1. नए लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं।
2. सामर्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।
3. स्थिरता और नियमितता को बनाए रखते हैं।
4. सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं।

नए वर्ष में संकल्प बनाना और उन्हें पालन करना छात्रों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद कर सकता है और उन्हें सफलता की राह में मार्गदर्शन कर सकता है। यह समय है नए शैक्षिक और व्यक्तिगत अनुभवों की ओर बढ़ने का, जिससे छात्र अपनी पूर्णता की दिशा में बढ़ सकता है।

**संकल्प और उद्दीपन:** नए वर्ष के आगमन के साथ, हम अपने जीवन में नए संकल्प बनाने का एक अद्वितीय अवसर प्राप्त करते हैं। ये संकल्प हमें नए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की राह में मार्गदर्शन करते हैं। संकल्प नहीं सिर्फ एक वचन होता है, बल्कि यह हमारे मन की गहराइयों से निकलकर हमें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

**नए उद्दीपन की आवश्यकता:** संकल्पों के साथ, हमें नए उद्दीपन की भी आवश्यकता होती है। यह उद्दीपन हमें उन महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने में मदद करता है जो हमें अगले वर्ष में सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद कर सकते हैं। यही वह समय है जब हमें अपने उद्दीपन को साझा करना चाहिए ताकि हम एक दूसरे को प्रेरित कर सकें।

## आत्म-समर्पण का महत्व

नए वर्ष में आत्म-समर्पण की भावना बनाए रखना हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह एक सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहारा प्रदान करता है और हमें प्रतिस्पर्धा और चुनौती के मुकाबले के लिए तैयार बनाता है।

**आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच:** नए साल में अपने विचारों को पॉजिटिव और सकारात्मक बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें आत्म-नियंत्रण में रहने में मदद करता है और जीवन की हर स्थिति को एक अवसर में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। सकारात्मक सोच हमें उत्साही और सहानुभूति बनाए रखने में सहारा करती है। "परीक्षाएं एक छात्र के शैक्षिक सफर का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन जो दबाव उनके साथ आता है, वह अत्यधिक हो सकता है। जब हम नए वर्ष में कदम रखते हैं, यह छात्रों के लिए एक अवसर है अपने परीक्षा तनाव के सामने अपने दृष्टिकोण को पुनरीक्षित करने और एक स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करने का।"

**परीक्षा दबाव की समझ:** आशाएं, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की इच्छा का बोझ छात्रों के लिए तनाव का एक सही तूफान बना सकता है। असफलता का भय, सामाजिक अपेक्षाएं और शैक्षिक जिम्मेदारियों का भार मानसिक और शारीरिक अच्छा होने पर कुर्बानी दे सकता है।

**स्थिति का संबंध बनाए रखना:** निर्धारण करने से पहले, संकल्पों के यात्रा पर कुछ भी करने से पहले, छात्रों के लिए उनकी वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी ताकतें, कमजोरियाँ, और तनाव के मूल कारणों की पहचान करना मौलिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। यह स्व-जागरूकता परीक्षा दबाव के साथ निपुण रणनीतियों की नींव रखती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### शिविर संपन्न, सम्मानित की गई स्वयंसेविकाएं

**सोनीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक मंचन, देशभक्ति गीतों पर नृत्य और पुरस्कार वितरण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय की प्राचार्या सुमन बाला रही। संचालन स्वयंसेविका सुमन और आरती ने किया।

### शीतलहर से बचने के लिये 30 बच्चों को दी स्वेटर

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब सोनीपत द्वारा मंगलम सारथी फाऊंडेशन निकट फाजिलपुर में निशुल्क पढ़ने वाले 30 बच्चों को शीतलहर से बचने हेतु स्वेटर वितरित किए गये। इस अवसर पर बच्चों ने गायत्री मंत्र को लयबद्ध गाकर तथा अपनी लेखनशैली, ड्राइंग प्रतिभा को प्रदर्शित किया। क्लब प्रधान सुषमा दहिया ने बच्चों को साफ-सफाई और कोरोना के नये वेरियेंट से बचने के लिए सचेत किया।

### विद्यार्थियों को समझाए सड़क सुरक्षा के नियम

**सोनीपत।** सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर बारोटा में आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। संगठन से संदीप बतरा ने सड़क सुरक्षा एवं जीवों की रक्षा विषय पर अपने विचार रखे। इस मौके पर जयभगवान, परविंद्र सरोहा, मूलचंद एवं स्वयंसेवक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित हुए

**सोनीपत।** आस्था हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा रविवार को गांव बढ़खालसा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। संस्था की अध्यक्ष/फाउंडर सारिका कालरा के निर्देशन में आयोजित इस कैंप में सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक से डॉ. भानू शर्मा की टीम ने रक्त संग्रह किया।

### जरूरतमंदों को रक्त देकर बचाई जान

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव सिसाना निवासी आशीष दहिया और उनकी पत्नी पारुल दहिया द्वारा संचालित सामाजिक ग्रुप आर्यव्रत ब्लड कमांडो और आर्यव्रत नारीशक्ति में उनकी टीम को दिल्ली और रोहतक में तीन अलग अलग रोगियों को खून की आवश्यकता का संदेश प्राप्त हुआ। आर्यव्रत ब्लड कमांडो ने रक्त देकर की सहायता।

### नशा शरीर और आत्मा दोनों पर डालता बुरा प्रभाव

**खरखौदा।** नशे के खिलाफ देश में नशा हटाओ युवा बचाओ अभियान चलाने वाले महंत शुक्राई नाथ रविवार को मदर खजानी स्कूल में पहुंचे। आर्य ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत स्वामी ब्रह्मानंद और स्वामी शुक्राई नाथ ने अपना वैदिक उद्बोधन विद्यार्थियों के सम्मुख रखकर जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ दिलवाई।

## 27 गऊशालाओं को 2 करोड 72 लाख 85 हजार अनुदान के लिए दिए

# अनुदान राशि का सदुपयोग गो माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हो: बड़ौली

बरौदा विधानसभा क्षेत्र में 2 गौशालाओं जय श्री श्याम गोशाला सोसायटी निजामपुर को 233250 रुपए का तथा श्री कृष्ण वाशुदेव गोशाला मुंडलाना को 1884750 रुपए का चेक प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, गो सेवा आयोग के चैयरमैन स्वर्ण गर्ग, राजेंद्र कौशिक गौशाला संचालकों को चेक भेट करते हुए ।

राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हरियाणा गौ सेवा आयोग ने चारे के लिए अनुदान सहायता की दूसरी किस्त के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं 27 गऊशालाएं के लिए 2 करोड 72 लाख 85 हजार रुपए अनुदान के लिए दिए गए है। यब बात उन्होंने गौ सेवा आयोग द्वारा जारी की ग्रांट के चैक वितरण समारोह में कही।

बडौली ने कहा कि अनुदान की राशि का सदुपयोग गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हो। बरौदा विधानसभा क्षेत्र में 2 गोशालाओं जय श्री श्याम गोशाला सोसायटी निजामपुर को 233250 रुपए का तथा श्री कृष्ण वाशुदेव गोशाला मुंडलाना को 1884750 रुपए का चैक प्रदान किया। गन्नौर में 8 गोशालाओं श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गोशाला सांदल कलां को 417750 रुपए, गांशाला सेवा समिति राजपुर 177000 रुपए, श्री गोरक्षिणी सनातन धर्म सभा गोशाला गढ़ी झाजरा को 1586250 रुपए, श्री कृष्ण परनामी गोशाला सेवा समिति गाढ़ी केसरी को 2115750 रुपए, श्री गोशाला गन्नौर मंडी गन्नौर को 2370000 रुपए, वर्धमान बाबा जुगतीनाथ नव युवक गौशाला खेड़ी गुज्जर को 510000- रुपए, भगत करतार सिंह गोशाला एवं धर्मार्थ समिति संपेड़ा को 181500 रुपए तथा श्री श्री 108 बाबा मोहन दास गोशाला शाहपुर तगा 681000 रुपए का चैक प्रदान किया। गोहाना विधानसभा क्षेत्र में 9 गोशालाओं धर्मार्थ गोशाला भटगांव को 2581500 रुपए, श्री मुरली दास गोशाला कासंडा 978750 रुपए, श्री कृष्ण भगवान गोशाला बली ब्राह्मण 1619250 रुपए, राष्टद्रीय वैदिक परमार्थ गोहाना को 322500रुपए, बाबा गंगन साध गोशाला तिहाड़ मलिक को 952500रुपए, श्री कृष्ण आदर्श गोशाला सेवा समिति देवी नगर 789000 रुपए, श्री गोपाल कृष्ण गोशाला सेवा समिति गोहाना 787500 रुपए, भगवान श्री राम पार्षद जैन गौ सेवा सदन गोहाना को 67500रुपए तथा श्री नंदलाला गोधाम समिति ठसका को 840750/- रुपए का चैक वितरित किए। विधानसभा क्षेत्र खरखौदा में 4 गोशालाओं धर्मार्थ गोशाला सिसाना को 2761500रुपए, श्री बंसी धाम गोशाला सोसायटी हरसाना कलां को 183750रुपए तथा सैदपुर पीडित गोवंश सेवा समिति सैदपुर 300000रुपए तथा श्री कृष्ण गौ सेवा सदन निरथान 238500रुपए का चैक वितरित किया गया। राई विधानसभा क्षेत्र में की श्री जय राम पंचायती गोशाला समिति जखौली को 1230000 रुपए, यशोदा नंदन श्री कृष्ण गौशाला सेवक समिति कमासपुर को 107250रुपए तथा बाबा कालीनाथ गोशाला मुरथल 747750 रुपए का चैक तथा सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में 1 गोशालाआ श्री गोशाला पुरखास रोड सोनीपत 2619750रुपए का

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान उनके साथ विशिष्ठ अतिथि के तौर पर हरियाणा गौ सेवा आयोग के चैयरमैन स्वर्ण गर्ग, सांसद रमेश कौशिक के छोटे भाई राजेंद्र कौशिक, जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, ललित बत्रा, गौ सेवा आयोग हरियाणा के सदस्य राकेश मलिक, विनोद बैरागी जिला ओबीसी मोर्चा महामंत्री मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन के चलते जाति सूचक शब्द करने व तंग आकर आत्महत्या करने पर मजबूर करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनोद कुमार, निवासी राजपुर सोनीपत, मंजीत निवासी भगत सिंह कॉलोनी, राजेश निवासी कालुपुर चुंगी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर के राजेंद्र नगर निवासी आशुतोष ने गत 18 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पिता मनोज ने राजेश, मंजीत, पवन, विनोद से रुपये ले रखे थे। रुपयों को लेकर बार-बार दवाब बना रहे थे। वहीं उनका घर पर अपने नाम करवा लिया था। उसके पिता को जाति सूचक शब्द बोलते थे। जिससे तंग आकर उसके पिता ने मकान के ऊपर वाले कमरे में फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।



गन्नौर। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शोक व्यक्त करते हुए साथ में हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी व राई पूर्व हल्काध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई।

## उपमुख्यमंत्री ने हलका अध्यक्ष की चाची के निधन पर शोक जताया

- विपिन त्यागी के आवास पर पहुंचकर दी परिजनों को सांत्वना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को जेजेपी के हल्का अध्यक्ष अनिल त्यागी कि चाची के निधन पर उनके चचेरे भाई विपिन त्यागी के गन्नौर गांव निवास पर जाकर उनकी माता स्वर्गीय पुष्पा देवी के निधन पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो इस संसार में आया है वह एक न एक दिन इस संसार को छोड़ कर जाएगा और हमें इसे ईश्वर की मर्जी समझ कर संतोष करना पड़ता है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दुख कि इस घड़ी में वे परिवार के साथ है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त गौरखपाल राणा, सुमित राणा चेयरमैन हरियाणा सरकार, जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया, महिला विंग की जिलाध्यक्ष रजनी मलिक, राई हल्के के प्रधान अजीत आंतिल, राई के पूर्व हल्का प्रधान ओमप्रकाश रसोई, जजपा नेता भानेराम, गन्नौर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान गौरव त्यागी,हरीश त्यागी, पूर्व वाईस चेयरमैन राजेन्द्र गोस्वामी, शंकर, राजेन्द्र केलाना, हरविंदर त्यागी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता व परिजन मौजूद रहे।

## मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप मे 133 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ व 45 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई आदि द्वारा शम्भूदयाल स्कूल में आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का 133 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगेगा ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सिग्नस अस्पताल की टीम द्वारा 133 मरीजों के शुगर बीपी, ईसीजी व स्वास्थ्य जांच की गई। आंखों के 57 मरीजों की जांच संजोग हस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की गई, जिसमें से 8 मरीजों के हस्पताल द्वारा मुफ्त में ऑपरेशन किये जायेंगे। डॉ. वरुण शर्मा द्वारा 12 मरीजों के दांतों का चेकअप किया गया। 45 रक्तदाताओं ने रोटरी ब्लड बैंक की टीम को रक्तदान किया व रोटरी द्वारा रक्तदाताओं को उपहार में हेलमेट दिया गया, वर्मा लैब द्वारा मुफ्त मे टेस्ट किये गए। कैम्प इंचार्ज बलराज वशिष्ठ व प्रियांशु वशिष्ठ ने बताया कि डॉ. एसएन गुप्ता व राजेश गुप्ता द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त में दी गई जो सोनू कालरा, नितिन तनेजा द्वारा बांटी गई।

# पर्यावरण को संरक्षित कर जीवन के अनुकूल बनाएं

- जेएलएन स्कूल में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



गोहाना। मृदा संरक्षण के बारे में जानकारी हासिल करते हुए स्वयंसेवक।

शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन रविवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा ने अपने भाषण के साथ की। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी सुनील शर्मा का रहा।

प्राचार्य डॉ. सचिन ने कहा कि धरती पर जीवन चक्र को बिना किसी बाधा के गतिमान रखने के लिए पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है। अगर हम ने आज पर्यावरण संरक्षण की तरफ ध्यान नहीं दिया तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

स्कूल की दूसरी एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन ने कहा कि आज हम पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है। आज डिजिटल मीडिया पर्यावरण संरक्षण के लिए क्रांति लाने की क्षमता रखता है। हमें डिजिटल मीडिया के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना चाहिए। स्वयंसेवकों में नवीन, राजीव, रामा, तरुण, अंकित, विजय, मोहित और दिशांत ने अपने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे।

## घर-घर जाकर अक्षत और प्रभु राम के चित्र बांटे

**गोहाना।** अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय गीता विद्या मंदिर की टीम ने रविवार को अयोध्या में प्रभु राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में घर-घर जाकर अभिमंत्रित अक्षत, साथ में प्रभु राम का चित्र और पत्रक वितरित किए। गीता विद्या मंदिर की टीम रेलवे कॉलोनी, नई अनाज मंडी और आदर्श नगर में पहुंची। टीम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में पवन शास्त्री, प्रेमलता गिरधर, रेनू बाला, मीनाक्षी वसूजा, रजनी, अंजलि जिंदल, पवन, प्रदीप कुमार और अनिल कुमार की टीम ने लोगों में अभिमंत्रित अक्षत, प्रभु राम का चित्र और पत्रक वितरित किए। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।

# उप-मुख्यमंत्री ने अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

- रिक्त भूमि में डिजिटल लाईब्रेरी निर्माण की घोषणा की, पंचायत जल्द प्रेषित करे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उपमुख्यमंत्री चौटाला।

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने संविधान निमार्ता डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए बड़ौली गांव में उनकी प्रतिमा को लोकार्पित किया। साथ ही उन्होंने प्रतिमा के साथ रिक्त भूमि में डिजिटल लाईब्रेरी बनाने की भी घोषणा की, जिसके लिए उन्होंने शीघ्रातिशीघ्र पंचायत से प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह के अवसर पर आयोजित जनसभा को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे संविधान निमार्ता को प्रेरणा के तौर पर अपनाते हुए विकास की ओर बढ़ रहे हैं। डा. अंबेडकर का जीवन संघर्षमय रहा, जिन्हें शिक्षा हासिल करने के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। किंतु उन्होंने हार नहीं मानी और विदेश से भी डिग्री लेकर आये, जिसके बाद उन्होंने देश निर्माण के लिए संविधान बनाया। आज उसी संविधान का असर है कि देश एक है और अखंड है। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों की भवन की मांग पर प्रेरित किया कि कुछ ऐसी चीज बनवाओ कि लोग सदैव याद रखें। बाढ़ से यमुना कटाव की चर्चा करते हुए उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का उन्होंने स्वयं दौरा किया जिसके बाद यमुनानगर से पलवल तक यमुना में कटाव रोकने के लिए तटबंध बनवाने के लिए 270 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

## बॉडी बिल्डर कमल सोलंकी का एशियाई खेलों के लिए हुआ चयन



खरखौदा। बॉडीबिल्डर कमल सोलंकी को सम्मानित करते पवन खरखौदा

**खरखौदा।** वर्ल्ड पॉवर स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से कराई गई एशियाई चैंपियनिशप ट्रायल में बिधलान गांव के कमल सोलंकी का चयन जयपुर के लिए किया गया था। जिसमें उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें कमल सोलंकी का सिलेक्शन भूटान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए हुआ है। बिधलान गांव में पहुंचने पर कमल सोलंकी का ग्रामीणों व हरियाणा सरकार में चेयरमैन पवन खरखौदा ने स्वागत किया। इस मौके पर पवन खरखौदा ने ग्रामीण युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़े। बॉडी बिल्डर कमल सोंलकी का चयन अब वर्ल्ड पॉवर स्पोर्ट्स फेडरेशन की तरफ से भूटान के टिंपों में होने वाली एशियाई खेलों के लिए किया है। एशियाई खेलों की प्रतियोगिता अप्रैल 2025 में भूटान में होगी। चेयरमैन पवन खरखौदा का कहना है कि कमल सोलंकी भूटान में भी बेहतर प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन करेगा। ग्रामीणों ने फूल व नोटों की माला पहनाकर खिलाड़ी का स्वागत किया गया। इस मौके पर रामनिवास पंडित, विवेक दीप, देवेंद्र दहिया, सुशील पाराशर, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रेरणा उत्सव मिशन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता में चयनित 30 विद्यार्थी आज जिलास्तरीय प्रतियोगिता में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ सदस्यों के साथ बनाए गए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी।

एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे रविवार को खंड स्तरीय प्रेरणा उत्सव मिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग, एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य किरण गुप्ता व पवन नैन ने की। कार्यक्रम संयोजक की भूमिका एबीआरसी मोनिका दहिया ने निभाई। प्रेरणा उत्सव मिशन प्रतियोगिता में खंड के राजकीय व निजी स्कूलों से कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने नौ जीवन मूल्य जैसे स्वाभिमान, श्रद्धा एवं विश्वास, स्वतंत्रता व अन्य में विद्यार्थियों की तरफ से चित्रकला, निबंध लेखन, कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण व अन्य प्रतियोगिताओं भाग लिया। कार्यक्रम की तरफ से विकसित भारत के विकास में क्या महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। विवेकशील एवं संवेदनशील मुद्दों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थी चयनित हुए। जिसमें 15 छात्र व 15 छात्राएं है, जो आज सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बुटाना में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



गन्नौर। विधायक अपने आवास पर महिलाओं को कम्बल वितरित करते हुए।

## विधायक ने 700 लोगों को कम्बल वितरित किए

- लगातार हलके के लोगों को कम्बल वितरण का कार्य कर रही है विधायक

**गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी ने अपने निवास स्थान पर कंबल वितरण का सिलसिला जारी रखा। गांव बिलंदपुर खेड़ी, तेवडी और सांदल से आए जरूरतमंद लोगों को भीषण सर्दी में बड़े ही आदर भाव के साथ कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। विधायक चौधरी ने कहा कि हर सप्ताह अलग-अलग गांव के जरूरतमंद लोगों का कंबल वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ठंड से उन्हें राहत मिल सके। शनिवार को करीब 700 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकारी योजनाओं से अछूता न रहे। इसलिए जन संकल्प यात्रा के माध्यम से जरूरतमंदो को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।



सोनीपत। महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

## भागवत कथा से सभी के कष्ट होते हैं दूर : जैन

**सोनीपत।** भागवत कथा का श्रवण करने से सभी के कष्ट दूर होते हैं मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगता है, भागवत कथा के आयोजन से पुण्य का लाभ मिलता है इसलिए भागवत ग्रंथ सभी ग्रंथो में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने सेक्टर 15 में आयोजित भागवत कथा श्रवण करने के बाद भागवत प्रेमियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राजीव जैन ने कहा कि मानव जीवन नश्वर है और कभी भी पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो सकता है। इसलिए इंसान को वक्त का इंतजार करने की बजाए जीवन के प्रारंभ से ही अपना समय धर्म एवं समाज की सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का पूरे मनोयोग से श्रवण कर एक-एक शब्द को आत्मसात कर उस पर चलने का प्रयास करेंगे तो कथा का आयोजन सार्थक होगा। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर का उत्सव धूमधाम से महा दीपावली के रूप में मनाने की अपील की। इस अवसर पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संबोधन भी सीधा प्रसारण किया गया

# जाजल में पहुंची गारंटी वैन, विधायक ने किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक मोहनलाल बडोली संबोधित करते हुए ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वैन रविवार को गांव जाजल पहुंची। यात्रा के तहत गांव जाजल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विधायक मोहन लाल बडौली ने लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं व सेवाओं के पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभ देना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मौके पर ही मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल का संबोधन भी सीधा प्रसारित किया गया। राई विधायक मोहन लाल बडौली ने मुख्यमंत्री हरियाणा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को संकल्प दिलाते हुए प्रतिज्ञा दिलाई कि हम भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच शीतल, नायब तहसीलदार अंकित कुमार, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, नंद किशोर जिला उपाध्यक्ष, नरेन्द्र जांगड़ा, नरेन्द्र भारती, संजय छतेहरा, सारिका कालरा, संजय राणा, सुनिल आंतिल, विनोद बैरागी, राम मेहर कोयल विस्तारक सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर निगम सोनीपत**

नगर निगम, सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकार्ड अनुसार प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1JDNQAT4 जोकि कॉलोनी/सैक्टर सब्जी मंडी वार्ड नं. 5 में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम जयचंद, मेहर सिंह, मुरारी लाल, सुमेरचंद दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक 23.07.2012 उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई प्रोपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री नं. 612 दिनांक 12.11.2009 अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबंधित कोई भी आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 30 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाएं अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्री/श्रीमति वीर सिंह, राजकुमार, विनोद कुमार पुत्र/पुत्री ज्ञान चंद नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत

मुरथल में खेली जा रही अखिल भारतीय अंतर विवि महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# बास्केटबॉल में एलएनआईपीई, ग्वालियर ने बीएचयू वाराणसी को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में खेली जा रही अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को कड़े मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में एलएनआईपीई, ग्वालियर की टीम ने बीएचयू, वाराणसी की टीम को पराजित कर दिया। वहीं एक अन्य मुकाबले में जैन विश्वविद्यालय, बंगलूरू ने एलपीयू, फगवाड़ा की टीम को शानदार प्रदर्शन करते हुए मात दी। इस दौरान खेल निदेशक डॉ. बिरेंद्र सिंह हुड्डा, प्रो. सुरेंद्र दहिया, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुखदीप सिंह, प्रो. सुमन सांगवान, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के ऑब्जर्वर प्रो.राकेश मलिक, डॉ. शंकर, डॉ. मुकुंद, डॉ. सत्यपाल, प्रेम सिंह, धर्मबीर दलाल, सतबीर कलकल मौजूद रहे।



सोनीपत। अखिल भारतीय अंतर विवि महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जीत के लिए संघर्ष करती खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

## यह रहा परिणाम

एलएनआईपीई, ग्वालियर व बीएचयू, वाराणसी के बीच खेला गया। जिसमें ग्वालियर की टीम ने वाराणसी की टीम को पराजित किया। एसआरएम, चेन्नई व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के बीच खेला गया। जिसमें चेन्नई की टीम ने वाराणसी को 50-14 के अंतर से पराजित कर दिया। जैन विश्वविद्यालय, बंगलूरू व एलपीयू, फगवाड़ा के बीच खेला गया। जिसमें बंगलूरू की टीम ने फगवाड़ा को 62-41 से पराजित कर दिया। एलएनआईपीई, ग्वालियर व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के बीच खेला गया। जिसमें ग्वालियर की टीम ने कुरुक्षेत्र को कड़े मुकाबले में 60-55 के अंतर से पराजित कर दिया। एसआरएम, चेन्नई व एमजीएम, बीकानेर के बीच खेला गया। जिसमें चेन्नई की टीम ने बीकानेर को 66-60 से पराजित कर दिया। जीएनडीयू, अमृतसर व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के बीच खेला गया। जिसमें अमृतसर की टीम ने वाराणसी को 65-19 से पराजित कर दिया। हिंदुस्तान विश्वविद्यालय, चेन्नई व आईटीएम, ग्वालियर के बीच खेला गया। जिसमें चेन्नई की टीम ने ग्वालियर को 58-49 के अंतर से हरा दिया।

## हरियाणा टीम ने जीती नेशनल बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता

**खरखौदा।** नेशनल बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित हुई। जिसमें देश विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कोच मनीष दहिया ने यहां बताया कि हरियाणा की टीम चैंपियन रही। दिल्ली की टीम दूसरे स्थान पर रही। जबकि मेजबान आंध्र प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और चैंपियन बनी। हरियाणा टीम के कोच मनीष दहिया ने जीत का श्रेय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिया है और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी हरियाणा टीम खिताब को बरकरार रखेगी। ग्रेपलिंग समिति ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिनेश कपूर ने टीम को जीत पर बधाई दी।




**खरखौदा** चैंपियन ट्रॉफी के साथ हरियाणा टीम कोच मनीष दहिया।



गोहाना। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

# न टायर्ड हूं न रिटायर, हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई मजबूती से लड़ूंगा : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

- प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर गृहणियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और हर बुजुर्ग को 6000 महीना पेंशन देंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे न तो टायर्ड हैं न रिटायर, हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। वे रविवार को गांव बरोदा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली की अध्यक्षता बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल ने की।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने सत्ता परिवर्तन करके कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है इंतजार तो सिर्फ चुनाव का है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने प्रदेश में बिजली कारखाने लगवाए, रेल, रोड, मेट्रो बनवाई, एक कलम से 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किये, 11000 सफाई कर्मचारी लगाये लेकिन मौजूदा सरकार गोहाना की मंजूरशुदा रेल कोच फैक्ट्री भी प्रदेश से बाहर ले गई। आज हरियाणा में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया। वे बोले कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर हर बुजुर्ग को 6000 रुपये महीना पेंशन, गृहणियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर और हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करेंगे। 100-100 गज मुफ्त प्लॉट योजना को फिर से लागू करेंगे और गरीबों को 2 कमरे का मकान बनाकर देंगे। कौशल रोजगार निगम को खत्म करेंगे। खिलाड़ियों के लिये पदक लाओ पद पाओ योजना फिर से शुरू करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक जगबीर सिंह मलिक, पार्टी वरिष्ठ नेत्री कमला भावड़, पार्टी वरिष्ठ नेता मुकेश तायल, जीता हुड्डा, और कंवर भावड़ सहित पार्टी के अन्य दिग्गज नेता उपस्थित रहे।

### हर वर्ग गठबंधन सरकार से परेशान

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज हर वर्ग गठबंधन सरकार से परेशान है। कर्मचारी, मनरेगा मजदूर, ग्रामीण चौकीदार, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर और सरपंचों पर भी लाठीचार्ज किया। हर वर्ग को लाठी की भाषा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में किसी का घमंड नहीं टिका और बीजेपी-जेजेपी का घमंड भी जनता तोड़ेगी।

### रैली में मौजूद लोगों में बांटे पत्रक

रैली में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कमला भावड़ के पोते कंवर भावड़ ने लोगों ने कांग्रेस पार्टी की घोषणाओं के पत्रक वितरित किए। कमला भावड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में अपनी सरकार बनने पर पत्रक में शामिल सभी घोषणाओं को पूरा करेगी।




## तीसरे दिन स्वयंसेवकों दी कानून की जानकारी

**सोनीपत।** श्री महावीर प्रसाद जैन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर सोनीपत में एनएसएस कैम्प के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर बलदेव इंदल ने उपस्थिति दर्ज कराई। एनएसएस स्वयंसेवकों के बीच पहुंच बलदेव इंदर ने एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक समाज में अच्छे नागरिक को निर्माण करता है और राष्ट्रीय निमार्ण में उनके महत्व के बारे में बताया। इस दौरान स्वयंसेवकों को कानूनी ज्ञान के बारे में बताया। विद्यालय पहुंचने पर बलदेव इंदल का पीजीटी हिस्ट्री पवन कुमार ने स्वागत किया। प्रोग्राम अधिकारी नवीन कुमार ने भी बलदेव इंदल और मनोज कुमार व कुलदीप का विधालय पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह पीटीआई भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का कैंप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिंडू में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कैंप सम्पन्न हो गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद कुमार ने की। कैंप के दौरान बच्चों ने अनेक गतिविधियों में बढ़- चढ़कर भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों व स्वयं सेविकाओं ने कई जागरूकता रैलियां निकाली। विद्यालय के अतिरिक्त गांव में जाकर भी सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य प्रमोद कुमार ने स्वयंसेवकों व स्वयं सेविकाओं द्वारा किए गए कार्यों को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि आगे भी बच्चे इसी तरह गतिविधियों में भाग लेते रहें और आगे बढ़ते रहें। फरवरी में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में अपना बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे नंबरों से पास होने के लिए मोटिवेट किया। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। बच्चों के सराहनीय कार्य के लिए उन्हें मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।



**खरखौदा।** कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित शिक्षक व स्वयंसेवक।

## 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे



खरखौदा। गांव रोहट में समाज कल्याण परिषद का 23वां वार्षिक समारोह गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल ने कहा कि परोपकार की भावना से सेवा परम धर्म है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की योजनाध्यक्ष पूनम आर्या ने कहा कि संस्कारवान बच्चे ही समाज निर्माण में बेहतर योगदान देते हैं। इस मौके पर समिति ने 20 गांवों के 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल, 40 बच्चों को जर्सी, 5 समाज सेवी व 15 स्कूलों के बच्चों को सम्मानित किया। गुरुकुल बरोणा के 50 छात्रों ने हवन यज्ञ कराया गया। इस मौके पर दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, मंजीत दहिया, रिटायर्ड एसीपी महावीर सिंह , राजेश रोहिल्ला, मुकेश पन्नालाल, भगत सिंह, सोमबीर आर्य, प्रीतम खोखर, नरेंद्र दहिया, भजनोपदेशक सुंदर पांचाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।